तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, दिसंबर 18, 2023

10 प्राइवेट उद्योगों में आरक्षण के नाम पर दुष्यंत ने बोला झूठ



12 योजनाओं का लाभ देकर बनाएं आत्मनिर्भर



## खबर संक्षेप

### राइस मिल से जीरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** खरकां चीका रोड कसौर स्थित एक राइस मिल से जीरी चोरी करने के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस के एचसी मुकेश की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अगौंध निवासी हर्षदीप को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि समाना पंजाब निवासी राकेश कुमार की शिकायत अनुसार उनके खरकां चीका रोड कसौर स्थित राइस मिल से 26 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्ति 7 कट्टे जीरी चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया था।

### जींद में गीता जयंती समारोह 22 और 23 को

**नरवाना।** जिला मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय रंगशाला के पास पटवार भवन में आयोजित किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव पर सायं दीपोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें अधिकाधिक महिला एवं पुरूष दीप जलाएंगे। इसके अलावा शहर के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव में अलग-अलग विभागों, धार्मिक व सामाजिक स्थानों द्वारा स्टाल लगाई जाएंगी।

### एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा आरोपी काबू, बाइक बरामद

**कैथल।** संपत्ति विरुद्ध अपराधियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए बाइक चोरी के एक मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ के एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव प्योदा निवासी बंटी को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माता गेट कैथल निवासी दीपक की शिकायत अनुसार 14 दिसंबर को उसकी बाइक सब्जी मंडी कैथल से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था।

### 2 मामलो में 2 आरोपियों से 47 बोतल शराब बरामद

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशनुसा चलाई जा रही मुहिम तहत जिला पुलिस द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपी 47 बोतल देसी शराब सहित काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम पुलिस के एचसी बिजेंद्र सिंह व एचसी पवन की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव सिसला में एक दुकान पर दबिश देकर संदिग्ध सिसला निवासी सुरजभान को काबू कर लिया गया।

### सफाई कर्मियों से मारपीट का आरोपी काबू

**जींद।** सफीदों के वार्ड तीन में कूड़ा उठाने गए सफाई कर्मचारियों से मार पिटाई व पथराव करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अजय के रूप में हुई है। वाल्मीकि मोहल्ला निवासी मंगल सिंह ने शनिवार को सफीदों शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वार्ड तीन में किसी का फोन आया था।

महाराज शूर सैनी की जयंती पर जींद में हुआ प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम

# सैनी समाज को देश हित में एक सूत्र में बंधकर खड़ा होने का यह सबसे सही समय: नायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद





जींद। सैनी महाकुंभ में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व सैनी महाकुंभ में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

बत्तख चौक के निकट रविवार को सैनी कन्या स्कूल में प्रदेशस्तरीय सैनी महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी तथा लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो राजकुमार सैनी ने शिरकत की जबकि उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी सैनी समाज के नेता व गणमान्य लोग पहुंचे। कार्यक्रम में जींद नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, भाजपा नेता डा. राज सैनी, रमेश सैनी, पूर्व विधायक पवन सैनी, बलबीर सैनी, पूर्व सांसद बिशनलाल सैनी, कांग्रेस विधायक रादौर हरि सिंह सैनी, अतर सिंह सैनी, रूमराम सैनी विधायक बिजनौर, हरियाणा भर से नगर परिषद और नगर पालिकाओं तथा जिला परिषद के चेयरमैन पहुंचे।

### सैनी समाज को एकता दिखानी होगी : नायब सैनी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि समाज को एकता दिखानी होगी। अगर समाज का कोई व्यक्ति पीछे है तो उसे आगे लेकर आएं। वह तो एक छोटे से ही व्यक्ति थे लेकिन समाज की एकता और ताकत ने उन्हें विधायक बना दिया। इसके बाद सांसद बना दिया और अब पार्टी का प्रदेश प्रमुख बनाने का काम किया। वह समाज के सम्मान को कभी कम नहीं होने देंगे। नायब सैनी ने कहा कि समाज के गरीब बच्चों को फ्री शिक्षा, फ्री कोचिंग के लिए एक भवन निर्माण की व्यवस्था, एक हजार गज का प्लाट की मांग को वह स्वीकार करते हैं। समाज द्वारा सौंपे गए मांत्र पत्र को पूरा करवाने का काम वह करेंगे।

लोकतंत्र सुरक्षा मंच के सुप्रीमो राजकुमार सैनी ने कहा कि पूरे देश में जिसने भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई है, चाहे वह जगदेव प्रसाद हों, गुरदयाल सिंह हो या फिर राजकुमार सैनीए सभी को या तो मरवा दिया गया या फिर साइड लाइन करवा दिया गया। ऊंची जातियों के नेता हमारे लोगों का इस्तेमाल कर लेते हैं। कांग्रेस में फूलचंद मुलाना, कुमारी शैलजा, उदयभान, भाजपा में केशव प्रसाद, कृष्णपाल गुर्जर, रतनलाल कटारिया जैसे लोगों के मुखौटे मोदी की तरह लगा कर कहते हैं कि अब आपका राज आएगा। सैनी ने कहा कि अब भी अशोक सम्राट और चंद्रगुप्त मोर्य पैदा हो सकते थे लेकिन देश में वो पढ़ाया गया, जो हुआ ही नहीं। नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों में विदेशों से बच्चे पढ़ने के लिए आते थे लेकिन आज बच्चे बाहर दूसरे देशों में जाने को मजबूर हो रहे हैं। देश में सविंधान और विज्ञान पढ़ कर सवाल करना नहीं सिखाया जाता, बचपन से ही अंध भक्ति सिखाई जाती है।



जींद। सैनी महाकुंभ में राजकुमार सैनी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

### वक्ताओं ने समाज को एकजुटता का दिया संदेश

सैनी महाकुंभ के मंच से एक-एक कर वक्ताओं ने समाज को एकजुटता का संदेश दिया। सैनी समाज के नेताओं ने कहा कि जो समाज एकजुट होता है वही समाज तरक्की कर सकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सैनी समाज एकजुट हो और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में अपने वोट के माध्यम से अपनी एकता का प्रदर्शन करे।





जींद। सैनी महाकुंभ को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व सैनी महाकुंभ को संबोधित करते हुए राजकुमार सैनी। फोटो :हरिभूमि

### कलाकारों ने बांधा समां

*सैनी महाकुंभ के दौरान सैनी समाज के अनेक कलाकार भी पहुंचे। जिन्होंने अपनी गायकी से समां बांध दिया और महाकुंभ में आए लोगों में जोश भरने का काम किया। महाकुंभ में सुरक्षा को लेकर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद रही।*



### सम्मान को कभी कम नहीं होने देंगे : नायब सैनी

**जींद।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि समाज की एकता और ताकत ने उन्हें विधायक बना दिया। इसके बाद सांसद बना दिया और अब पार्टी का प्रदेश प्रमुख बनाने का काम किया है। वह समाज के सम्मान को कभी कम नहीं होने देंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी रविवार को सैनी कन्या स्कूल में आयोजित सैनी महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर समाज की तरफ से एक मांग पत्र भी रखा गया जिसमें समाज के जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त कोचिंग के लिए एक भवन निर्माण की व्यवस्था, एक हजार गज का प्लाट की मांग की गई। जिसे उन्होंने स्वीकार किया और कहा कि मांत्र पत्र को पूरा करवाने का काम वह करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूर सैनी ने ऊंचाइयों को छुआ और शिक्षा के दम पर समाज को मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। समाज को एकता दिखानी होगी। अगर समाज का कोई व्यक्ति पीछे है तो उसे आगे लेकर आएं। एकता के अंदर मजबूती है, एकता के साथ ही आगे बढ़ा जा सकता है। हम सबको एक साथ आगे मिल कर चलना है और जो भाई पीछे छूट गया है

# गीता जयंती महोत्सव के लिए किया रवाना

■ ट्रस्ट द्वारा संचालित बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा व फ्री जल सेवा की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद





जींद। शहर में वार्ड से महिलाओं को महोत्सव के लिए रवाना करते हुए विवेक सिंगला व गांव से महिलाओं को गीता जयंती महोत्सव के लिए रवाना करते हुए प्रदीप रेढू। फोटो :हरिभूमि

गांव खुंगा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला से छात्र व छात्राओं को लक्ष्य ग्रामीण विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रदीप रेढू ने हरी झंडी दिखा कर कुरुक्षेत्र गीता जयंती मोहत्सव व ऐतिहासिक स्थल भ्रमण के लिए रवाना किया और उनकी सुखद यात्रा की कामना की। इस कार्य में राजकीय प्राथमिक पाठशाला से हेडमास्टर अनिल कुमार, संदीप व खूंगा गांव से सुनीता, सुदेश, कविता, मीना और अन्य अध्यापक मौजूद रहे। सभी छात्र व छात्राओं के माता-पिता ने ट्रस्ट द्वारा संचालित बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा और शहर में चल रही फ्री जल सेवा की सरहाना की। हजारों बेटिया हर रोज इन बसों में सवार होकर जींद शहर में पढ़ाई के लिए आती हैं और पढ़ाई करने के बाद इन बसों में सुरक्षित अपने घर लौट जाती हैं।

# गायक मोहम्मद रफी को दी श्रद्धांजलि

■ मुकेश यादगार समिति ने रफी म्यूजिकल नाइट के आयोजन में गाए गीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना







जींद। अपनी प्रस्तुति देते हुए व गायक मोहम्मद रफी की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए मुकेश यादगार समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

गत संध्या कस्बे की मिलन पैलेस में मुकेश यादगार समिति द्वारा महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी के जन्मदिवस के उपलक्ष में रफी स्पेशल म्यूजिकल नाइट धूमधाम से मनाई गई। जिसमें रियल एस्टेट एडवाइजर और समाजसेवी राजेश सिंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मां सरस्वती के चरणों में दीप प्र'वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। समिति के प्रधान अवधेश शर्मा ने मुकेश यादगार समिति से जुड़े नए सदस्यों सुदेश कुमार, रामकुमार और गौरव शर्मा का परिचय करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुदर्शन सिंगला ने किया । उसके बाद सभी सदस्यों ने मोहम्मद रफी को याद करते हुए उनके गीत गा कर सच्ची श्रद्धांजलि दी।



जींद रोड घटना के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त पड़ी कार।

### ओवरटेक करते समय पेड़ से टकराई कार तीन घायल

**सफीदों।** जींद रोड पर गांव बहादुरगढ़ के पास रविवार को एक ऑटो कार नियंत्रण खोकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। राहगीरों द्वारा गाड़ी में सवार पानीपत के गांव नारा निवासी सोमबीर, उनकी पत्नी सुषमा, मां बीरमति को घायल अवस्था गाड़ी से निकाला और उन्हें तुरंत सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार के बाद सोमबीर के पैर में अधिक फैक्चर होने के कारण उसे पीजीआई रेफर किया है। वहीं महिला सुषमा व बीरमति को भी सीर में चोटें आई है।

# सफीदों की छोरी गणतंत्र दिवस परेड में होगी शामिल

■ परेड में शामिल होने वाली दृष्टि ने किया जिला जींद का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सफीदों

सफीदों की शिव कॉलोनी निवासी लड़की दृष्टि ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जोकि 26 जनवरी 2024 को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड में शामिल होगी। छात्रा दृष्टि वर्मा का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से एनएसएस कैडेट के रूप में किया गया है। जोकि अपनी सहेली भूमि व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अन्य छात्राओं के साथ कदमताल करते दिखेंगी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. आनंद कुमार ने कहा कि यह चयन स्वयंसेवियों का शारीरिक, सांस्कृतिक और संचार कौशल के आधार पर किया गया है। वर्ष 2024 में नई दिल्ली में कर्तव्य पथ (राजपथ) पर परेड का नेतृत्व सिर्फ छात्राएं करेंगी। इस चयन के लिए स्टेट एनएसएस सेल हरियाणा एवं क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस नई दिल्ली का आभार भी व्यक्त किया। छात्रा के पिता विनोद आर्य ने कहा कि दृष्टि ने सफीदों के साथ-साथ जींद जिले का भी नाम रोशन किया है।

### छात्रा दृष्टि वर्मा की कामयाबी पर जताया हर्ष



परेड में शामिल होने वाली आईआईएचएस की छात्रा दृष्टि वर्मा ने कहा कि वह राजपथ परेड टीवी पर ही देखती थी। अब वह खुद इसका हिस्सा बनने जा रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है एवं बहुत ही सुखद अनुभव रहेगा। परिवार का कोई भी सदस्य आज तक इतने बड़े समारोह में शामिल नहीं हुआ। एनएसएस के माध्यम से हर दिन काफी कुछ सीख रही हूं और यह अनुभव भविष्य में काफी काम आएगा।।

# जुलाना में एनएच 352 पर अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो

■ ऑटो सवार एक महिला की मौत, सात घायल, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

जींद-रोहतक मार्ग पर एनएच 352 बाईपास पर एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था देखते हुए सभी को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। रोहतक निवासी ऑटो चालक मेघराज ने बताया कि वह ऑटो को लेकर जींद के बराह खुर्द गांव में एक सत्रहवीं के कार्यक्रम में गया हुआ था। ऑटो में सभी रोहतक के खोखरा कोट कालोनी निवासी सवार थे। जब वह वापस रोहतक की ओर जा रहे थे तो जुलाना में बाईपास पर उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने रोहतक के खोखरा कोट निवासी 45 वर्षीय बाला को मृत घोषित कर दिया। सात ऑटो सवार लोगों को भी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर किया। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



जुलाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मचारी।

कार्यक्रम | सांसद बृजेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकरटैंकरों को रवाना किया

# सांसद ने 5 ग्राम पंचायतों को सौगात में दिए पानी के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना



को कस्बे के सर छोटू राम पार्क में हिसार सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचे और सांसद निधि के तहत 5 ग्राम पंचायतों अमरगढ़, धमतान साहिब, कलोदा कलांए दनोदा खुर्द एंव उझाना में पानी के टैंकर सौगात में दिए। इन टैंकरों को सांसद बृजेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद बृजेंद्र सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान सांसद बृजेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की भाजपा द्वारा अगला चुनाव गठबंधन से लड़ने बारे सवाल के जवाब में सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा का जजपा के साथ गठबंधन सरकार चलाने तक था, यह गठबंधन चुनावी गठबंधन नहीं था। सरकार को इससे कोई फायदा नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि राजस्थान के चुनावी नतीजों में देखा जा चुका है जिस प्रकार से भाजपा तीन रा'यों राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से जीती है और छतीसगढ में तो अप्रत्याशीत जीत रही है इस जीत के साथ वहां के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार मे विश्वास जताया है। उससे तो यह साफ है कि भाजपा को हरियाणा में सरकार बनाने के लिए किसी सहारे व गठबंधन की जरूरत नहीं है। इस मौके पर नरेंद्र सरपंच अमरगढ़, सुनील सरपंच उझाना, जितेंद्र सरपंच दानोदा खुर्द, मोनू सरपंच भिखेवाला, जनक सरपंच जाजनवाला, जयप्रकाश सरपंच सैंथली, छोटू राम ट्रस्ट कार्यकारणी सदस्य विरेंद्रर सिहं नैन, एडवोकेट सुशील नायक, हरेंद्र डूमरखा, संजीव डूमरखा, रामनिवास खरक भूरा, रामेहर दनोदा, गुरनाम पाहलवान, जगदीश उझाना आदि रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपत्ति घायल

**जींद ।** गांव धरौदी रेलवे फाटक के निकट कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति घायल हो गया। गांव कर्मगढ़ निवासी मंजू ने सदर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका पति हरदीप मोटरसाइकिल पर सवार होकर नरवाना की तरफ जा रहे थे। जब वह गांव धरौदी रेलवे फाटक के निकट पहुंचे तो इसी दौरान तेज रफ्तार कार आई और उनके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### अहिरका व झांझ कलां पहुंची भारत यात्रा

**जींद ।** जींद खंड के गांव अहिरका व झांझ कलां में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्त्रक्रों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर ग्रामीणों को संबोधित किया। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का पहुंचने पर फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया।

### कपड़ा एसोसिएशन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**नरवाना ।** कपड़ा एसोसिएशन नरवाना द्वारा समाज सेवा के अपने संकल्प को निभाते हुए इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये गये। नरवाना शहर के बाहरी एरिया की झग्गी झोपड़ियों, अन्नक्षेत्र, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कम्बल बांटे गए। पदाधिकरियों ने कहा कि समाज सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

## पालवां गांव में आयोजित युवा सम्मेलन में पहुंचे भाजपा सांसद


# युवाओं को प्राइवेट उद्योगों में आरक्षण के नाम पर दुष्यंत ने बोला झूठ : बृजेंद्र

राजकीय स्कूल में युवा सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम को सांसद ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव पालवां के राजकीय स्कूल में युवा सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम को सांसद बृजेंद्र सिंह ने संबोधित किया। युवा बाइकों के बड़े काफिले के साथ पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से सांसद को कार्यक्रम स्थल तक लेकर आए। सांसद बृजेंद्र सिंह खुद ट्रैक्टर चला कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। युवा सम्मेलन में हम ओर हमारा भाई बृजेंद्र सिंह की टीशर्ट युवा पहने नजर आए। सबसे पहले गांव के दादा खेड़ा पर पूजा-अर्चना की। ग्राम पंचायत ने स्मृति चिन्ह देकर तो युवाओं ने बड़ी फूलों की माला पहना कर स्वागत किया।

सांसद बृजेंद्र सिंह ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर निशाना साधते हुए कहा कि विस चुनाव में एक सफूगा छोड़ गया कि सत्ता में आने पर हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट उद्योगों में 75 प्रतिशत आरक्षण दूगां। ये बात समझने की है कि इंडस्ट्रीज जिसने लगा रखी है खुद के रुपए खर्च करके लगाई है। उसको वो व्यक्ति चाहिए जो उसके काम के होंगे। आपने कभी सुना है कि इंडस्ट्रीज वाले एकजुट होकर सरकार के किसी फैसले के खिलाफ अदालत गए हो। इस मुद्दे के ऊपर उनको ये करना पड़ा। परिणाम ये निकला कि कोर्ट ने कहा कि जो योजना आप सरकार में नहीं लागू कर सकते तो प्राइवेट सेक्टर में कैसे लागू कर देंगे। एक सीटी मारा गैंग था उनकी सोशल मीडिया पर पूरी पकड़ थी माहौल बना दिया कि पता नहीं क्या आएगा। अब 75 प्रतिशत प्राइवेट उद्योगों में आरक्षण की स्थिति सबके सामने है।



जींद। सांसद बृजेंद्र सिंह का युवा सम्मेलन में पहुंचने पर स्वागत करते हुए युवा।



जींद। युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद बृजेंद्र सिंह।

### लोक लुभावने नारों पर हमें नहीं जाना चाहिए

सांसद ने कहा कि ये (दुष्यंत चौटाला) कोरी झूठ बोलते है। आंख में आंख डालकर झूठ बोलते है जिसे लोग मान लेते है। करीब साढ़े तीन साल पहले दुष्यंत चौटाला उन्हें संसद में मिल गए थे तो कहने लगे कि जो उचाना में जो मोटर व्हीकल ट्रेनिंग स्कूल बनना है उसका सीधा मैंने (दुष्यंत) कनेक्शन बना दिया है मारूति, टाटा से लेकिन साढ़े तीन साल हो गए कहा मारूति आई कहा टाटा आई। ये आंख में आंख डालकर कोरी झूठ बोलते है लोग मान लेते है। पिछली बार का जो चुनाव था वो पूरा चुनाव युवा शक्ति द्वारा हाई जैक किया हुआ था। चुनाव आखिरी के तीन दिनों में एक तरफ चला गया। नारों पर हमें नहीं जाना चाहिए सिर्फ नारों पर जाकर हम अपने मत का इस्तेमाल करते है तो गुमराह होने, धोखा लगने की संभावना होती है। जिस प्रकार का धोखा इस हलके के साथ हुआ वो सबको पता है। उन्होंने कहा कि सत्ता वाली पार्टी में होकर भी सत्ता में ना होना कितनी नुकसान दायक है। विपक्ष का नेता अगर हारता है तो उसका एक कारण होता है। पार्टी सत्तासीन होती है आप हार जाते हो तो वो स्थिति सबसे कमजोर होती है। ऐसा ही हलके के लोगों ने 2009 में किया अब 2019 में किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि बेताल, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा, हरेंद्र सिंह, संजीव डूमरखा, गुरनाम श्योकंद, सुरेंद्र गर्ग, नसीब पालवां, सोमबीर, मंजीत, मा. अमित, मोहित नैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। भारतीय मजदूर संघ के जिला अधिवेशन में मौजूद पदाधिकारी।

## सतबीर बूरा बने भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन स्थानीय महाराजा अग्रसेन अन्नपूर्णा क्षेत्र में धूमधाम से हुआ। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतबीर बूरा ने की। मंच का संचालन जिलामंत्री जितेंद्र वत्स ने किया और चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित विभाग प्रमुख कर्मवीर संधु तथा प्रदेश महामंत्री हवासिंह मेहला ने दीप प्र'वलित करके कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया। प्रैस सचिव मनीष कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम सभी संगठनों के जिला अध्यक्षों, जिला सचिवों ने अपने संघ की श्रेष्ठ पद्धति में प्राप्त अनुभव सांझा करते हुए प्रांत महामंत्री के सामने अपनी समस्याएं रखी व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री जितेंद्र वत्स ने अपने दो साल के कार्यकाल में किए कार्योर् का ब्यौरा दिया तत्पश्चात जिला कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा ने सबके सामने अपना कोष का ब्यौरा दिया। इसके बाद भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष ने रीति अनुसार कार्यकारिणी भंग करने घोषणा के साथ प्रांत महामंत्री द्वारा हवा सिंह मेहला द्वारा सर्वसम्मति से चयनित जिला समिति की घोषणा की। इसमें पूर्णकालिक सदस्य सतबीर बूरा को जिला अध्यक्ष, रोडवेज से राजबीर शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, पब्लिक हैल्थ से विनोद शर्मा को जिला मंत्री, स्वास्थ्य विभाग से आर्य कुलदीप को जिला कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष इंद्र सिंह लाकड़ा, अनुबंधित स्वास्थ्य विभाग से मनीष कुमार जिला प्रेस सचिव, कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ से सुनील मेहरा व भवन निर्माण से राममेहर जांगड़ा, गीता देवी, विद्युत से राजगुरु विशिष्ट को उपाध्यक्ष, जनस्वास्थ्य विभाग से नंदकिशोर संगठन मंत्री, अजमेर बूरा, शुगर मिल से कृष्ण धीमान व स्वास्थ्य विभाग से गौरव सहगल अनुबंधित स्वास्थ्य से बबीता को जिला सहसचिव, जोगिंद्र सिंह, कमलेश, नरेश शर्मा, सीमा को कार्यकारिणी सदस्य को चयनित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक कुमार, कुलदीप, अमरजीत सिंह, भवन निर्माण से, विद्युत से लोकेश भ्यान, योगेश शर्मा, पब्लिक हैल्थ से मुकेश, इंद्र गांगोली, संजीव राणा, रमेश आचरा आदि ने भाग लिया।

## शहीदी गुरुपर्व पर निकली प्रभात फेरी का हुआ स्वागत

- संगतों ने सतनाम वाहेगुरू, जो बोले सोनिहाल, गुरू तेग बहादुर, हिंद की चादर से शहर को किया भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवम पातशाही गुरु तेग बहादुर के शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर शहर की संगतों एवं समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सहयोग से रविवार अल सुबह शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। संगतों ने सतनाम वाहेगुरू, जो बोले सोनिहाल, गुरू तेग बहादुर, हिंद की चादर से शहर को भक्तिमय बना दिया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि प्रभातफेरी तड़के सवेरे चार बजे गुरुद्वारा सिंह सभा रेलवे जंक्शन से आरंभ हुई जोकि गुरुद्वारा बंदा बहादुर साहिब पटियाला चौक, गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार बिजलीघर, सरबत दा भला सेवा दल रुपया चौक, सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड, गुरुद्वारा पंजाबी बाजार होते हुए प्रभात फेरी नगर कीर्तन का रूप धारण करते हुए रानी तालाब स्थित शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब पर जाकर संपन्न हुई। यहां पर गुरुद्वारा मैनेजर रंजीत सिंह, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी परमिंदर कौर, गुरजिंदर सिंह ने समस्त गुरुद्वारा स्टाफ के साथ प्रभातफेरी का स्वागत किया। संगतों ने गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर छोले पूरी का लंगर छका।



जींद। नवम पातशाही गुरु तेग बहादुर के शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर शहर में निकली प्रभात फेरी।



जींद। गुरूद्वारा में लंगर छकते हुए श्रद्धालु।

### प्रभात फेरी का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

प्रभात फेरी का शहर की समस्त गुरुद्वारा कमेटियों एवं स्थानीय संगतों तथा सेवादलों ने भव्य स्वागत किया। प्रभातफेरी में शामिल संगतों के लिए चाय, दूध एवं खाद्य सामग्री का प्रबंध किया गया। प्रभातफेरी में सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन के प्रधान सरदार जसबीर सिंह टीटी, कमलजीत ग्रेवाल, भाई जसवंत सिंह, अशोक सचदेवा, भाई कश्मीर सिंह, सुभाष ढींगरा, कृष्ण चानना, निर्मल सिंह, हरबंस सिंह, दर्शन सिंह, सतनाम सिंह, गुरविंद्र सिंह, सुरेश कोचर, गुलशन कोचर, भूपेंद्र सिंह सेखों, महेंद्र सिंह शाह, राजकुमार, परमजीत सेठी, संतोख सिंह, रमनदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग प्रभात फेरी के साथ मौजूद रहे।

## तबादले बीच में रोकने पर जताया रोष

- अध्यापकों की मांगों और समस्याओं का जल्द किया जाए निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की मासिक बैठक रविवार को स्थानीय अक्षर भवन कार्यालय में जिला प्रधान साधुराम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव मामराज जांगड़ा ने किया। बैठक में विशेष रूप से रा'य प्रधान धर्मेंद्र ढांडा भी उपस्थित हुए। जिला सचिव मामराज जांगड़ा ने कहा कि जिला स्तर पर अध्यापकों के बहुत से कम अटके हुए हैं जिन्हें हल नहीं किया जा रहा है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अध्यापकों के एलटीसी मामले, बजट, मेडिकल बिल, एसीपी मामले आदि बहुत लंबे समय से पेंडिंग पड़े हुए हैं व कार्यालय द्वारा अनावश्यक ऐतराज लगाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रा'य स्तर पर भी अध्यापकों के बहुत से मामले पंचकूला कार्यालय में विभाग द्वारा लटकाए जा रहे हैं। रा'य प्रधान धर्मेंद्र ढांडा ने बताया कि अध्यापकों के तबादलों की प्रक्रिया को बीच में ही रोक दिया गया है जबकि तबादलों की आधी से अधिक प्रक्रिया संपन्न हो चुकी थी। जेबीटी अध्यापकों को जिलों का आवंटन भी कर दिया गया था लेकिन विभाग ने अचानक ही बिना संगठनों से विचार विमर्श किए तबादला प्रक्रिया पर बीच में ही रोक लगा दी।



जींद। बैठक करते हुए अध्यापक

## शिक्षा की बेहतरी पर विचार-विमर्श

- जिला कॉर्डिनेटरएफ एलएन राजेश वशिष्ठ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर स्तर सुधारने के लिए एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग, न्यू दिल्ली) की तरफ से चंडीगढ़ में चार दिवसीय ट्रेनिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह ट्रेनिंग 12 दिसंबर से शुरू हुई थी जो कि 15 दिसंबर तक चली। इसमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के 100 एफएलएन कोडिंर्नेडर और टीचर एजुकेटर शामिल हुए। प्रशिक्षण में बच्चों और मेंटर को पाठयक्रम में क्या दिक्कत है, इन बातों को लेकर एफएलएन कोडिंर्नेडर और टीचर एजुकेटरों को जानकारी दी गई। जिला जींद से जिला कॉर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि ट्रेनिंग में शैक्षिक गतिविधियों मे आने वाली दिक्कत एवं विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया ताकि बच्चे आसानी से पाठ्यक्रम को समझ सके। अलग-अलग शिक्षण विधियों का प्रयोग करना, टीएलएम का प्रयोग करना आदि पर विस्तार से चर्चा की।



जींद। राजेश वशिष्ठ को सम्मानित करते हुए।

## 'बीजेपी ने बेरोजगारी में प्रदेश को बनाया नंबर वन'

- नागरिकों की हत्या करने के मामले में हरियाणा को नंबर वन बनाना ही मौजूदा सरकार की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व जुलाना विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी प्रो. धर्मेंद्र ढुल ने कहा कि मौजूदा सरकार किसान को एमएसपी, युवा को रोजगार, बुजुगोंर् को पेंशन, गरीबों को राशन, दलित-पिछड़ों को आरक्षण और नागरिकों को प्रोटेक्शन देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध, नशे, किसानों पर अत्याचार, हर वर्ग पर लाठीचार्ज, गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने, कर्ज लेने और सरकारी गोली से अपने ही नागरिकों की हत्या करने के मामले में हरियाणा को नंबर वन बनाना ही मौजूदा सरकार की उपलब्धि है। प्रो. धर्मेंद्र ढुल जुलाना की ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। ढुल ने कहा कि हरियाणा से लगभग पांच लाख नौजवान बेरोजगारी के चलते अपने माता-पिता को छोड़ कर दूसरे देशों में जाने को मजबूर हो गए हैं। पिछले 10 साल में हरियाणा में बेरोजगारी ने हालात बदतर कर दिए। हजारों लाखों नौजवान अपने दिल पर पत्थर रख कर रोजगार के लिए दूसरे देशों में चले गए। भाजपा-जजपा गठबंधन ने हरियाणा का विकास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। भ्रष्टाचार के मामले में देश में सबसे 'यादा बदनाम कोई सरकार हुई है तो प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार है। इस सरकार ने किसान, सरपंच, कर्मचारी, कच्चे कर्मचारियों से लेकर सफाई कर्मियों, आशा वर्करों और मिड-डे मील वर्करों तक हर वर्ग पर अत्याचार और लाठीचार्ज करने का काम किया है। धर्मेंद्र ढुल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच में जाएं तो ना सिफ उनकी समस्याओं के बारे में जानें बल्कि यह भी बताएं कि भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर किस तरह के फैसले लिए जाएंगे।



जींद। कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रो. धर्मेंद्र ढुल।

## मांगों को धरने पर बैठे ग्रामीण

- गांव ने 40 लाख रुपये चंदा एकत्रित कर बनवाया पशु अस्पताल, अब सरकार नहीं कर रही चिकित्सकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद-करनाल नेशनल हाइवे पर स्थित गांव शाहपुर में ग्रामीणों ने 40 लाख रुपये चंदा एकत्रित कर पशु अस्पताल का भवन बनवाया लेकिन सरकार द्वारा यहां न तो चिकित्सक और न ही दूसरे स्टाफ की नियुक्ति की गई है। जिसके रोष स्वरूप ग्रामीणों ने रविवार को हाइवे किनारे अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत कर दी है। धरनारत ग्रामीणों की मांग है कि नए भवन में स्टाफ की नियुक्ति की जाए ताकि ग्रामीणों को पशु चिकित्सकों का लाभ मिल सके। भारतीय किसान यूनियन के घासीराम नैन गुट के जिला प्रधान राजेश रेढू सहित अन्य धरनारत ग्रामीणों ने बताया कि गांव शाहपुर में जो पहले से ही राजकीय पशु अस्पताल बना हुआ है, वह काफी जर्जर हो चुका था। यह अस्पताल गांव में से गुजर रहे जींद-करनाल नेशनल हाइवे के दूसरी तरफ है। ग्रामीण जब अपने बीमार पशुओं को पशु अस्पताल में लेकर जाते हैं तो कई बार हाईवे पर दुर्घटना हो चुकी है। इस परेशानी से बचने के लिए ग्रामीणों ने अपने स्तर पर 40 लाख रुपये का चंदा एकत्रित किया और गांव में तालाब के पास की जमीन पर पशु अस्पताल के लिए भवन बना कर सरकार को सौंपने का काम किया। इसके बावजूद अब भी यहां किसी स्टाफ की तैनाती नहीं की जा रही। पशु अस्पताल की बिल्डिंग तैयार है लेकिन स्टाफ नही है। जिसके चलते ग्रामीणों को अपने पशुओं के उपचार के लिए दूर दराज लेकर जाना पड़ रहा है।




जींद। धरने पर बैठे ग्रामीण।

## बसों में फर्स्ट एड बॉक्स की अनिवार्यता है जरूरी

# अधिकतर रोडवेज बसों में नही फर्स्ट एड बॉक्स किट

- बस में अचानक से यात्री की तबीयत खराब होने पर नही मिल पाएगा प्राथमिक उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद डिपो की अधिकतर बसों में फर्स्ट एड बॉक्स किट तो हैं लेकिन उनमें दवाइयां नही है। ऐसे में अगर यात्रा के दौरान बस में किसी यात्री की तबीयत खराब हो जाती है तो उसे प्राथमिक उपचार नही मिल पाएगा।

जींद डिपो की इस समय 197 रोडवेज बस ऑनरूट हैं, जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। जबकि 80 से 'यादा नई बस आ चुकी हैं। पुरानी बसों के अलावा कुछ नई बसों में भी फस्ट एड बॉक्स किट में दवाइयां नहीं है। जबकि हर रोज डिपो की बसों में 16 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को हर रोज दस लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है लेकिन डिपो अधिकारी यात्रियों के लिए बसों में फर्स्ट एड बॉक्स किट में दवाइयों की व्यवस्था नहीं करवा पा रहे हैं।



जींद। जींद डिपो में खाली फर्स्ट एड बॉक्स।

### ज्यादातर बसों में हैं दवाइयां

जींद डिपो के वर्कशॉप मैनेजर अनिल ने बताया कि अगर किसी बस में दवाइयां नहीं है तो उसके बारे में पता किया जाएगा और व्यवस्था करवाने का प्रयास किया जाएगा। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। डिपो की ज्यादातर बसों में फस्ट एड बॉक्स किट में दवाइयां उपलब्ध हैं।

### आपात स्थिति में उपयोग आने वाली दवाइयां रखनी जरूरी

बसों में पूरा फर्स्ट एड किट में डिटोल, रूई, पट्टी तक उपलब्ध नहीं हैं। जबकि रोडवेज बसों में इस तरह के किट अनिवार्यत लागू किए हुए हैं। किट में आपात स्थिति में उपयोग आने वाली दवाइयां रखनी जरूरी हैं। सिर, पेट दर्द, उल्टी, जी मिचलाने के लिए फास्ट रिलीफ की दवाइयां, चोट लगने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए बैंडेड, डिटॉल, रुई, पट्टी, आयोडेक्स सहित अन्य दवाइयां रखनी होती हैं। किट रखने के लिए बस में चालक के पीछे वाले हिस्से में एक बॉक्स लगा हुआ रहता है तथा उस पर फर्स्ट एड बॉक्स लिखा होता है ताकि जरूरत पड़ने पर यात्री परिचालक या ड्राइवर की मदद से इसमें रखी दवाइयों का उपयोग हो सके।

## खबर संक्षेप

### दिनभर रही जाम की स्थिति, रेंगते रहे वाहन

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान रविवार को भारी संख्या में लोग ब्रह्मसरोवर में पहुंचे। इस कारण ब्रह्मसरोवर के आसपास दिनभर जाम की स्थिति रही। खासकर महाराणा प्रताप चौक के समीप ट्रेफिक की आवाजाही अधिक रही। जाम के कारण जिलावासियों व आसपास के जिलों से आए लोगों को खासी परेशानी हुई। महाराणा प्रताप चौक के समीप दिनभर वाहन रेंगते नजर आए।

### सरकारी योजनाओं से बदल रहा है जीवन स्तर

**कुरुक्षेत्र।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित की योजनाओं की बदौलत प्रदेश के लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप देश-प्रदेश में विकास की नई ब्यार बह रही है। ये विचार गांव गोविंद माजरा के मिडिल स्कूल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा व जन संवाद कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य रविंद्र सांगवान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर उज्ज्वला योजना की लाभार्थी को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया जिसके तहत लाभार्थी को सिलेंडर, चूल्हा ,रबर पाइप और रेगुलेटर मुफ्त दिए गए।
मौके पर पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ भी दिया गया।

### बाइक सवार से फोन छीन ले गए बदमाश

**कैथल।** दो बाइक सवार बदमाश एक युवक का फोन छीन कर ले गए। चंदाना गेट निवासी प्रियवर्त ने सिटी थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि 15 दिसंबर को रात करीब नौ बजे वह पैदल पैदल अपने घर जा रहा था। उस समय उसके पास फोन आया हुआ था और वह बात कर रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसका फोन छीन कर फरार हो गए। जांच अधिकारी एएसआइ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक से टकराकर बाइक सवार घायल

**कैथल।** गांव खरकां निवासी सतपाल सिंह ने गुहला थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई रिछपाल सिंह चीका सेलर में काम करता है। नौ दिसंबर को रात करीब आठ बजे उसका भाई बाइक पर चीका से घर आ रहा था। गांव समाधा के पास सड़क पर एक ट्रक खड़ा था। ट्रक चालक ने इंडिकेटर भी बंद किए हुए थे। उसके भाई की बाइक ट्रक से टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पीओ स्टाफ द्वारा स्मैक तस्कर काबू

**कैथल।** अपराध व अपराधियों के खिलाफ एसपी उपासना के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए कैथल पी.ओ. स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एक पीओ आरोपी को काबू कर लिया गया।

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा मतलब देश के हर नागरिक के विकास की गारंटी

# गांव ड्योड खेड़ी में 70 लाख से होने वाले विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

**विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए विकास के मामले में वरदान साबित हो रही**

हरिभूमि न्यूज.कैथल

विधायक लीलाराम ने गांव ड्योड खेड़ी में 70 लाख रुपए से बनने वाले कार्योंका शिलान्यास किया । विधायक लीलाराम ने बताया कि सरकार की विकसित भारतसंकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है । इस यात्रा के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति जिसको समाज में कोई नहीं पूछता था उसको मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी जब गांव में जाती है तो उस व्यक्ति से पूछ करके उसकीसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है । विधायक लीलाराम ने कहा कि कुछ ऐसेवंचित लोग जिनकी कहीं ऊपर तक पहुंच नहीं होती है ऐसे लोग समाजमें सबसे पीछे रह जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच के कारण उन सभी व्यक्तियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से उनसबको जोड़ा जा रहा है । विधायक लीलाराम ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के अथक प्रयासों से पूरे हरियाणा में विकास कार्यों में तेजी लाई गई है।उन्होंने गांव ड्योड खेड़ी के तीर्थ के जीणोर्दार के लिए सरकार द्वारा 60 लाख की राशि से तीर्थ का काया कल्प किया जाएगा इसके साथ ही गांव ड्योडखेड़ी में चौपाल के लिए 10 लाख रुपए सरकार द्वारा जारी किए गए हैं ।जिसमें चौपाल का निर्माण किया जाएगा और आज उनका शिलान्यास किया गया है । उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास नीति के तहत भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि आज पूरे देश केअंदर लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर विश्वास कर रहे हैं । मोदीजी की गारंटी लोगों को भा रही है । भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से देश में आई है तभी से लोगों का विश्वास सरकार पर कायम है। जिसकानतीजा अभी तीन राज्यों में भाजपा की एक तरफा जीत से सिद्ध हो गया है कि लोगभारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े हैं । इस मौके पर एसडीएम कपिल कुमारशर्मा, नरेश मित्तल, रामकुमर नैन, राजपाल तंवर पूर्व चेयरमैन, मक्खन सिंहसरपंच डोहर, मेघराज नैन, राजेश कुमार,वीरेंद्र चौथ पूर्व सरपंच,संदीप शर्मा, सत्तू कठवाड, ज्योति सैनी, कुशलपाल सैन , सोहन लाल, वकील नैन,सुरेश नैन श्याम लाल कल्याण, सुरेश जांगड़ा, विरेन्द्र बत्रा, बिट्टू जांगड़ाभी मौजूद रहे।



फोटो संख्या 04 गांव डयोढ खेड़ी में निरीक्षण करते विधायक लीला राम।

### जन संवाद के माध्यम से लोगों को घर द्वार पर मिल

**पूंडरी ।** बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से आज सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक ले रहाहै। विकास भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला लगातार चलाकर लोगों को अनके घरद्वार पर सभी प्रकार की समस्याओं का निवारण मिल रहा है। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विश्व की चरम सीमा तक पंहुचाने का वादाहम सबको मिलकर साकार करना है।बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर रविवार को गांव जाम्बा में विकास भारत संकल्पयात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर नेकहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय व सेवा भाव ने देश को विश्व में आर्थिक व्यवस्था के तौर पर मजबूत बनाया है। नित रोज सरकार द्वारा आम जनताके लिए कई नीतियां व योजनाएं क्रियान्वित की जाती है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येकनागरिक को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाना है। कई करोड़परिवारों को आयुष्मान कार्ड में शामिल किया गया है। आयुष्मान कार्ड के माध्यमसे कोई भी पात्र व्यक्ति अपना ईलाज कैशलैस करवा सकता है। पैसों की कमी केकारण कोई व्यक्ति ईलाज के लिए न रह जाए, इस उद्धेश्य से आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था की गई है। वह समय दूर नहीं जब इन्हीं विकास कार्यों के लिए चलते भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि हर प्रकार से देश व प्रदेश का विकास कार्य किया जा रहा है। सम्पूर्ण सुविधा सम्पन्न प्रदेश होने के साथ-साथ पूरी तरह से सुरक्षित प्रदेश है।

---



कैथल। रेहड़ी वालों को नशा ना करने को लेकर जागरूक करते हुए।

# रेहड़ी-फड़ी वालों को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य सेएसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीमद्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परणामों बारे लगातार जागरूक कियाजा रहा है। इसी मुहिम तहत रविवार को जागरूकता टीम में शामिलइंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसीसुनील कुमार द्वारा चीका में फल व सब्जी की रेहड़ी लगाने वालो को नशे केप्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोगकी अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इसदौरान टीम द्वारा बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवारको भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार सेहितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है औरबहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाशहोता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। इस दौरान सभी रेहड़ीवालो ने पुलिस की इस कल्याणकारी मुहीम में साथ देने की बात कही। सभीरेहड़ी वालो ने लोटे में नमक डालकर नशा ना करने की शपथ ली।

**नशे के नुकसान बताएं**

डीएसपी ने बताया मुहीम दौरान पुलिस लाइन कैथल में पीएसआईरामलाल व एचसी सुखबीर की टीम द्वारा युवाओं को नशा ना करने बारे जागरूकिया गया। युवाओं को बताया गया की नशा शरीर व घर को बर्बाद कर देता है।खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नामरोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभीको मिलकर कदम उठाने होंगे। इस दौरान युवाओं द्वारा फुटबाल का मैचखेलकर नशा ना करने का संदेश दिया गया।

---

# जन शिक्षा अधिकार मंच आंदोलनरत

- जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल द्वारा जारी धरना आज 447 वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल द्वारा जारी धरना आज 447 वें दिन भी जारी रहा,धरने की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी नेता बलवंत जाटान व राजकीय प्राथमिकशिक्षक संघ के पूर्व जिला प्रधान राजेश बैनिवाल ने की, बलवंत जाटान ने कहा किहरियाणा सरकार जल्द से जल्द शिक्षक नेता सुरेश द्रविड़ पर दर्जएफआईआर को रद्द करें और चिराग योजना को वापिस ले, चिराग योजना आने वालेसमय में हरियाणा की आम जनता तथा उनके बेटा बेटी के लिए बहुत हीखतरनाक सिद्ध होगी, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला प्रधान राजेशबैनीवाल ने कहा कि जन शिक्षा अधिकार मंच द्वारा शिक्षा एवं स्कूलों को बचाने केलिए जो संघर्ष चल रहा है उसका हम और उसके तमाम सहयोगी संगठनजोरदार समर्थन करते हैं और सरकार से मांग रते हैं कि वहस्कूलों को बंद करने की जनविरोधी नीति पर तुरंत रोक लगाए और शिक्षाको तहस-नहस करना बंद करें। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 मेंअध्यापकों के 38957 पद खाली थे परंतु नई भर्ती आज तक नहीं की है और हरमहीने औसतन 1000 अध्यापक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यह संख्या जोड़ लेतो 47900 अध्यापकों के पद खाली हैं। भाजपा-जजपा सरकार के लिए यह शर्म की बातहै कि उसके पास पूंजीपतियों के लिए लुटाने के लिए तो सब कुछ है लेकिनजरूरत के मुताबिक अध्यापक लगाने के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने सरकारसे मांग की कि अध्यापक सुरेश द्रविड़ के खिलाफ दर्ज किया गया झूठा मुकदमातुरंत रद्द किया जाए। और सरकार की शिक्षा विरोधी व जनविरोधी नीतियों काविरोध करने वाले अध्यापक के खिलाफ एफआईआर को तुरंत प्रभाव से वापसलिये जाएं।सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता ओमपाल भाल ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकारूरी तरह जनविरोधी तथा अपराधियों की पक्षधर है। शिक्षा के पक्षधरशिक्षकों पर तो मुकदमे दर्ज हैं।

**धरने में ये रहे मौजूद**

साथियों ने संयमित होकर 447 दिन गुजारे हैं, कैथल के जिला सचिवालय में,हमें उम्मीद है कि जिला प्रशासन हमारी समस्याओं का जल्द समाधानकरेंगा,धरने को संबोधित करते हुए मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्षकमलकांत वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन सुरेश द्रविड़ के खिलाफ दर्जएफआईआर रद्द करें, अन्यथा भविष्य में सरकार को इसका नूकसान उठानापड़ेगा। पीपुल्स शोशल एक्शन कमेटी के क्लस्टर संयोजक सुभाष जांगड़ा नेकहा कि प्रदेश सरकार लोकतंत्र की मयार्दा को तार-तार कर रही है,संविधान हित और जनहित में आवाज उठाने वाले साथियों पर राजद्रोह केकेस दर्ज किए जा रहे है जो कि एक सच्चे प्रजातंत्र के साथ मजाक है। लोकतंत्रऔर प्रजातंत्र की मयार्दा के लिए लिए इस प्रकार की कार्यवाही से सरकारों कोपरहेज करना चाहिए। आज धरने पर बलवंत सिंह रेतवाल, सुरेशद्रविड़,हुक्मचंद, सतबीर प्योैदा,रामदिया सौंगल, रणधीर ढुंढ़वा, जगबीरसिंह , भीम सिंह तितरम, ढुनी चंद, हजूर सिंह, बलवंत धनोरी, मियांसिंह,माम चंद खेड़ी सिम्बल, वीरभान हाबड़ी आदि भी उपस्थित थे।

---

# विधाकि गीता भुक्कल जातिवाद का जहर घोलने का काम कर रही है: डॉ.प्रीतम सिंह

हरिभूमि न्यूज.कैथल



डॉ प्रीतम सिंह कोलेखा प्रदेश प्रभारी एससी सेल जजपा।

डॉ प्रीतम सिंह कोलेखा प्रदेश प्रभारी एससी सेल जजपा ने सदन में की गई टिप्पणी पर बोलते हुए बयान दिया है कि गीता भुक्कल ने जिस प्रकार से सदनमें उप मुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत चौटाला जी को धमकी दी है कि मैं तेरे कोबंदा बना दूंगी एक अशोभनीय भाषा का प्रयोग करके मयार्दा का उल्घन किया है औरबार बार दलित समाज की सदन में दुहाई देकर सम्मानित साथी को धमकी दी है हम इनके खोखले बयान की निदा करते हैं।इस तरह से बौखलाहट में दिए गए बयान से साबित होता है कि विधायिकासमाज में जातिवाद का जहर घोलने का काम करती हैं। ज ब कि वि धा य क गी ता भुक्क लसर्व समाज के वोटों से ही वि धा य क बनी है। इसलिए हम विधायका जी कोसलाह देते हैं कि सार्वजनिक तौर से सर्व समाज से माफी मांगे नहीं तोकभी भी विधायक नहीं बन पाएगी और चुनाव में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।सरकारी स्कूलों में केवल गरीब समाज के बच्चे ही पड़ते हैं उनकीपैरवी करने की बजाए 2011 मे इस दुराचारी अध्यापक का साथ देकर इस पर दर्ज हुई डीडीआर को किस नेता के कहने पर पूर्व शिक्षा मंत्री ने इस मामले कोक्यों दबाया और उनको साथ ही लगते स्कूल में पोस्टिंग की। जनता को सार्वजनिक रू से बताए।जबकि जो तथ्य दोषी प्रिंसिपल के बारे उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी ने दिए हैं सत्य है। उनको लेकर माननीय स्पीकर साहब ने सीटिंग माननीय हाईकोर्ट न्यायाधीश जी से जांच करवाने का निर्णय ले लिया है। उसके बाद भी गलततरीके से अपनी बात को लेकर बार बार टीका टिप्पणी करना मयार्दाओ कोतार तार करने वाली बात है।

---

# शहर के पार्कों को अवैध कब्जा और अतिक्रमण मुक्त कराएंगे

- तीन दिन पहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ नप अधिकारियों की मीटिंग में लिए गए अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की तरफ से शहर के सभी पार्कों को अवैध कब्जा और अतिक्रमणरहित किया जाएगा। इसके लिए नप टीम ने काम शुरू कर दिया है। तीन दिनपहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ नप अधिकारियों कीमीटिंग हुई थी। उसमें राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशानुसारशहर के सभी पार्कों से कब्जा और अतिक्रमण हटाया जाना है।शहर में छोटे-बड़े 44 पार्क हैं। नप की तरफ से शहर के लोगों से आपत्ति मांगी गई है। अगर किसी पार्क में कोई अवैध कब्जा है तो लोग नपकार्यालय में आकर शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए एक सप्ताह तक का समयदिया गया है। हालांकि नप अधिकारियों का दावा है कि किसी भी पार्क में कोईकब्जा नहीं है। उसके बाद भी लोगों से आपत्ति ली जा रही हैं। अगरकहीं कोई कब्जा पाया जाता है तो नप की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। इसकेअलावा भी शहर के लोग पार्कों से संबंधित समस्या बता सकते हैं। शहर केमुख्य पार्क चिल्ड्रन पार्क, जवाहर पार्क, सेक्टर और माडल टाउन के पार्कहैं। इनमें सुबह-शाम काफी संख्या में लोग सैर करने के लिए जाते हैं।बड़े पार्कों की देखरेख के लिए नप की तरफ से सालाना ठेका भी दिया जाताहै।

---

# कर्मवीर फौजी का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव रोहेड़ियां में रविवार को जिला परिषद चेयरमैन दीपक मलिक जाखौली व वार्ड नंबर दस से जिला परिषद चेयरमैन और कर्मवीर फौजी का सम्मानसमारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों की तरफ से दोनों नेताओं का फूलमालाओं से स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे हेल्पिंग हैंड संस्थाके पदाधिकारी बूटा सिंह व उनकी टीम को भी ग्रामीणों ने सम्मानित किया।संस्था ने गांव की पहलवान बेटी गीता को 2100 रुपये की नकदी राशि, दो किलो देसी घी देकर सम्मानित कयिा। वहीं कर्मवीर फौजी ने प्रतिदिन एक किलोग्रामदूध देने की घोषणा भी की।चेयरमैन दीपक मलिक जाखौली ने ग्राम पंचायत की तरफ से मांग पत्र भी सौंपा गया।इसके साथ-साथ जिप सदस्य प्रतिनिधि कर्मवीर फौजी ने खिलाडियों के लिएवालीबाल, क्रिकेट किट का सामान देने की घोषणा की।



फोटो नंबर : 01 गांव रोहेड़ियां में खिलाड़ियों को सम्मानित करते जिला परिषद चेयरमैन दीप मलिक।

**जताया आभार**

जिला परिषद चेयरमैन दीपक मलिक ने कहा कि गांव रोहेड़ियां में वे पहली बार आए हैं, उन्होंने जो मान-सम्मान यहां मिला है, उसका वे ऋणीरहेंगे। गांव में स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल को लेकरआरओ प्लांट लगाए जाएंगे। इसके साथ-साथ श्मशान घाट के अधूरे पड़े निर्माणकार्य को पूरा करवाया जाएगा। चेयरमैन ने कहा कि गांव का एक किलोमीटर कीसड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए टेंडर लगाया जा चुकाहै। करीब 86 लाख रुपये में इस सड़क का निर्माण कार्य होना है। उन्होंनेकहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हर वर्ग के हितों को लेकर कामकर रहे हैं।

---

# जिला मुख्यालय पर हुई असेंबली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण, जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, कैशियर रामकुमार, उपप्रधान छज्जू राम, प्रैस प्रवक्ता सुरेश उचाना,सहसचिव विजय शर्मा व संगठन सचिव जसबीर सिंह ने प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणाविधानसभा सत्र के अवसर पर कर्मचारियों व जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 व 18 दिसंबर को असेंबली आयोजित करने की कड़ी में कल भी जिला मुख्यालय पर कर्मचारी असेंबली आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली, रोजगार का विस्तार और सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता व गुणवता आदि मुद्दों पर 15 दिसंबर को असेंबली आयोजित की जा चुकी है। कल को वेतन आयोग के गठन, वेतन विसंगतिदूर करने,कर्मचारियों के जनतांत्रिक व नागरिक अधिकार, सामाजिक न्याय और एकता, बिजली संशोधन कानून, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, रोड़ ट्रांसपोर्टकानून व लेबर कोड में किए गए कर्मचारी और मजदूर विरोधी बदलावों संबंधी मुद्दों पर जिला मुख्यालय पर कर्मचारी असेंबली आयोजित की जायेंगी। विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों को विज्ञान 379 स्कूलों के लिए 27 लाख 39000 की राशि की गई जारीकक्षा 6 से 8 के लिए प्रत्येक स्कूल के लिए 6000 तथा कक्षा 9 से 12 प्रत्येक स्कूल केलिए 9000 की जारी राशि की गई।

### कांग्रेस नेता के पुत्र के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी रण सिंह देशवाल के युवा पुत्र प्रिंस देशवाल के निधन पर शोक जताने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा सहित अनेकों नेता रविवार को उनके निवास स्थान गांव सरायसुखी पहुंचे। अशोक अरोड़ा ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्रभु की इच्छा के सामने हम कुछ भी नहीं कर सकते परंतु दुःख की इस घड़ी में हमें धैर्य से काम लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार देशवाल के साथ है। राज्यसभा सांसद व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के चाचा बलजिंदर सिंह सुरजेवाला व जगरूप सुरजेवाला और एसई पीडब्ल्यूडी भाई विकास सुरजेवाला भी शोक जताने पहुंचे। उनके अलावा युवा मजदूर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन सोंटी आदि मौजूद रहे।

---

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# छात्रों द्वारा बनाएं विज्ञान के मॉडल्स को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी हेतु राज्य भर के सभी जिलों में आयोजन करवाने की आदेश जारी कर दिए हैंहरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद से कंसलटेंट सोनाली वोहरा नेजानकारी देते हुए बताया कि सभी जिलों में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन 25 दिसंबर तक करना है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब कीबारी है विज्ञान प्रदर्शनी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जिला समग्र शिक्षाअधिकारी कार्यालय दोनों के द्वारा संयुक्त रूप से करवाई जाएगी जिसके लिए200000 तक की राशि प्रत्येक जिले में भेजी गई है जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी सेबच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और वह विज्ञान की बारीकियां को अच्छीतरह से जान सकेंगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब की बारविज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में कॉलेज प्रोफेसर को बुलाया जाएगाकॉलेज प्रोफेसर बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को बारीकी से देखेंगे तथा अपनेसुझाव भी देंगे जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य ने जानकारी देते हुए बताया किजिला कैथल में खंड स्तरीय प्रदर्शनी पहले ही आयोजित की जा चुकी है जैसेविभाग के आदेश प्राप्त हुए हैं कि 25 दिसंबर से पहले जिला स्तरीय प्रदर्शनीआयोजित की जाएगी उन्होंने सभी खंड संसाधन संयोजको का आह्वान करते हुएकहा कि खंड स्तरीय प्रदर्शनी में प्रत्येक गतिविधि में जो बच्चे पहले स्थान परआए हैं उन सभी को जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए तैयार रहने के लिए कहाजाए उन्होंने कहा कि अबकी बार की प्रदर्शनी में तीन गतिविधि कराई जाएंगेजिसमें रोल मॉडल, मॉडल मेकिंग और पोस्टर मेकिंग शामिल है जिलास्तर पर भी कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का अलग से और कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों का अलग से निर्णय करवाया जाएगाजिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया किसभी ब्लॉक से तीनों गतिविधियों के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं अब जिला स्तरकी प्रदर्शनी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी के साथमीटिंग करके जल्द ही जिला स्तरीय प्रदर्शनी की तिथि घोषित कर दी जाएगीप्रदर्शनी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला समग्र शिक्षा अधिकारी कार्यालयदोनों के तत्वाधान में करवाई जा रही है एपीसी कुशल कुमार ने सभी विज्ञानप्रदर्शनी नोडल अधिकारियों और बीआरपी साइंस मैथ का आह्वान करते हुएकहा कि इस संदेश को हर विजेता विद्यार्थी तक पहुंचाएं ताकि जिला स्तरीयप्रदर्शनी के लिए वह अपनी पूरी तैयारी कर सके।



फोटो संख्या 05 विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि।

## खबर संक्षेप

### खेतों से कृषि उपकरण चोरी किए, मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना के इस्माइलपुर रोड पर स्थित खेतों से चोरों ने कृषि उपकरण चोरी कर लिए। मोरपत्ती नरवाना निवासी संदीप ने शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 दिसंबर रात को चोरों ने खेतों से एक बिजली की मोटर, फिक्सवाल, एक पंखा चोरी कर लिया। जबकि सोलर प्लेट को तोड़ दिया। चोरी की घटना का पता सुबह लगा जब वह खेतों में गया तो सामान गायब था। आसपास पता करने पर चोरों का सुराग नहीं लगा।

### राइस मिल से धान चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** खरकां चीका रोड कसौर स्थित एक राइस मिल से धान चोरी करने के मामले की जांच रामथली चौकी पुलिस के हेड कांस्टेबल मुकेश की टीम ने की। टीम ने अगौंध निवासी हर्षदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि समाना पंजाब निवासी राकेश कुमार की शिकायत के अनुसार उनके खरकां चीका रोड कसौर स्थित राइस मिल से 26 नवंबर की रात को सात कट्टे धान के चोरी हो गए थे।

### मारपीट के मामलों में 13 पर केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 13 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पहले मामले में डेहा बस्ती निवासी मामो देवी की शिकायत पर राकेश, काला और सुरेश के विरुद्ध सिटी थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि 14 दिसंबर को उसका जमाई श्याम लाल उसे मिलने आया हुआ था। करीब पांच साल पहले आशु ने उसके पोते रवि की हत्या कर दी थी।

### बच्चों सहित महिला लापता, केस दर्ज

**कैथल।** तीन अलग-अलग मामलों में बच्चों सहित महिला और युवक युवती घर से लापता हो गए। पहले मामले में डिफेंस कालोनी निवासी पूजा ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि 13 दिसंबर को उसका बेटा विकास करनाल जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद से ही उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। उसका फोन भी बंद होचुका है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल विनोद ने बताया कि केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर पीएम के सपने को करें साकार

# जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर बनाएं आत्मनिर्भर

गांगोली तथा खरकगागर में में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के पहुंचने पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोनीपत लोकसभा के सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने अधिकारियों से कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों को केंद्र व रा'य द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहयोग करें ताकि व्यक्ति देश को विकसित बनाने में अपना भरपूर योगदान देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार कर सके। सांसद रमेश चंद्र कौशिक रविवार को जिला के गांगोली तथा खरकगागर में गांव में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी। आज घरों तक गैस कब पहुंचती है, किसी को पता नहीं चलता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव.गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में सैंकडों की संख्या में ग्रामीणों ने केंद्र व रा'य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाया।


**जींद।** यात्रा के दौरान योजनाओं का लाभ देते हुए सांसद रमेश कौशिक व जसमेर रजाना। *फोटो : हरिभूमि*

### जरूरतमंद परिवारों को दिए गए 12 गैस कनेक्शन

केंद्र सरकार द्वारा संचालित उ'जवला योजना के तहत गांगोली गांव में पात्र परिवारों को पांच सिलेंडर आबंटित किए गए जबकि खरकगागर गांवों में सात परिवारों को सिलेंडर आबंटित किए गए। ऐसे में 2.0 उ'जवला योजना के तहत अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुल 183 पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर, चूल्हा तथा अन्य उपकरण देकर रसोई को धुआं रहित किया किया है। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांगोली गांव की आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत पूजा, कविता व रविता तथा खरकगागर गांव की आशा, कुसुम, सीमा तथा रिंकू को योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, भाजपा जिला प्रधान राजू मोर, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना सहित अनेक गणमान्य लोगा मौजूद रहे।



### मोदी की गारंटी : डा. पुष्पा तायल

**जींद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी रविवार को गढ़वाली पहुंची। इस यात्रा में मुख्यतिथि के तौर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल मौजूद रही। इस यात्रा में ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं को विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगा कर निवारण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, बागवानी विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे व उन्होंने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण किया। जरूरतमंदों को उ'जवला योजना के तहत गैस मुहैया करवाई गई, फैमिली आईडी को ठीक किया गया। राशन कार्ड को दुरुस्त करना, राजस्व विभाग द्वारा लोगों के कागजों को दुरुस्त किया गया। इस यात्रा के में मुख्यातिथियों द्वारा विभिन्न प्रतिभाओं को समानित किया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर ग्राम पंचायत के द्वारा मुख्यातिथियों डा. पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज व सत्यवान खटकड़ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्रीनिवास व नीलम शर्मा ने मंच संचालन किया। प्रशासन की तरफ से जुलाना बीडीपीओ प्रतीक कुमार जांगड़ा, सीडीपीओ संतोष यादव, सरपंच गढ़वाली सुशील कुमार, सरपंच बख्ताखेड़ा चाप सिंह राठी, कनिष्ठ अभियंता मार्केट कमेटी नरेश तायल, नीलम शर्मा, प्रिंसिपल ओमप्रकाश सिंगरोहा, सोमवीर प्रजापत, मोनिका राठी, सुशीला आदि मौजूद रहे।



### माजरा खाप पंचायत ने की सरकार के फैसले की तारीफ

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने उचाना के एक स्कूल में बच्चियों के साथ प्रिंसिपल द्वारा अश्लीलता करने के केस बारे की न्यायिक जांच करवाने पर सरकार के फैसले की तारीफ की। खाप की बैठक के बाद प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू और प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने कहा कि ये मामला बहुत संवेदनशील है। बहुत सी बेटियों का भविष्य इसके साथ जुड़ा हुआ है। इसे गोपनीय रखना अति आवश्यक है। इसके साथ-साथ न्यायिक जांच से वे चेहरे भी बेनकाब होंगे, जिन्होंने इस आरोपित प्रिंसिपल को नियमों की अवहेलना करते हुए सिफारिश करके लड़कियां के स्कूल में नियुक्त करवाया था। महिला स्कूल में 50 वर्ष से कम आयु का अध्यापक लगना नहीं चाहिए। एक अध्यापक अकेला 65 लड़कियों को कलंकित नहीं कर सकता इनके कुछ ओर भी सहयोगी मिलेंगे। न्यायिक जांच में उनका भी पर्दाफाश होगा, जो इस के सहयोगी रहे हैं। फोर ने बताया कि इस मांग को लेकर किसान संगठन व खाप पंचायतें पिछले महीने डीसी को मिली थी और एक ज्ञापन सौंपा कर न्यायिक जांच की मांग सरकार से की थी, जिसे सरकार ने आज स्वीकार किया है।



### विधायक ने 120 यात्रियों को गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र देखने के लिए निः शुल्क बस में किया रवाना

**नरवाना।** नरवाना हल्का के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने कुरूक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शहर से अपने खर्चे पर 03 बसों की रवानगी की। इस दौरान नगर परिषद उपप्रधान शशिकांत शर्माए मंडी एसोशिएशन प्रधान सतीश मित्तल व सचिव प्रवीण ने बस को हरी झंडी दिखाकर लगभग 120 यात्रियों को गीता महोत्सव देखने के लिए रवाना किया। वहीं विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा का कहना है अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का कार्यक्रम हमारे प्रदेश में कुरूक्षेत्र में आयोजित हो रहा यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। महाभारत के युद्ध के दौरान भगवान श्री कृष्ण ने यहां गीता के उपदेश दिए थे इसलिए यह बहुत ही पावन स्थल है। इसके साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा आमजन की सुविधा के लिए अच्छे इंतजाम किए गए हैं।

## सक्षम ने लगाई सबसे लंबी कूंद, मटका दौड़ में मंगलेश रही प्रथम

**उचाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसिंधु में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने 100, 200 मीटर रेस, लंबी कूद, गोला फैंक, थ्रीलेग रेस, नींबू-चम्मच रेस, कबड्डी एवं रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अध्यापकों के लिए 100 मीटर रेस, गोला फैंक, रस्सा-कस्सी एवं अध्यापिकाओं के लिए नींबू-चम्मच रेस, मटका रेस रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्यअतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी दिलबाग संडील पहुंचे। बीआरसी रणपाल श्योकंद उचाना विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पहुंचे। अध्यक्षता विद्यालय के डीडीओ देवी प्रसन्न उज्ज्वल ने की। डीपीई सतीश खटकड़ की देखरेख में खेल उत्सव आयोजित हुआ। लड़कों की 200 मीटर रेस में अंकुश प्रथम, अभिजीत द्वितीय, अमन तृतीय रहे। लंबी कूद में सक्षम प्रथम रहे। लड़कियों में 200 मीटर रेस में प्रियंका प्रथम। 100 मीटर में 'योति प्रथम रहे।



अध्यापिकाओं में नींबू चम्मच रेस में सीमा केमिस्ट्री प्रथम, सीमा मैथमेटिक्स द्वितीय, मंजीत कौर तीसरे स्थान पर रही। मटका रेस में मंगलेश प्रथम, अनिता द्वितीय, बबीता तृतीय रही। महिला रस्साकस्सी के हुए रोमांचक मुकाबले में सीमा, ऊषा, राधा, सुमन, बबीता, मीनू की टीम एवं मंगलेश, रीतू, अनिता, मंजीत, सविता, कविता, मीना की टीम के बीच मुकाबला एक-एक की बराबरी पर छूटा।

## कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुटें: नायब सैनी

■ निर्जन में कर्मवीर सैनी के नेतृत्व में हजारों लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो दिन पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व पार्षद विनोद सैनी के आवास पर गांव निर्जन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी पहुंचे। यहां कर्मवीर सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नायब सैनी का स्वागत किया। इसके बाद पूरे काफिले के साथ नायब सैनी सैनी महाकुंभ में पहुंचे। निर्जन गांव में नायब सैनी ने कहा कि हर कार्यकर्ता को एकजुटता के साथ चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। जो भी भाजपा कार्यकर्ता हैं, उनको केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर.घर पहुंचाना चाहिए। जो भी लोग किसी कारण से नाराज हैं, उनकी समस्याओं को दूर करके उनको फिर से अपनेपन का एहसास करना होगा। आज देश में केवल एक ही पार्टी भाजपा है, जो हर कार्यकर्ता का पूरा मान-सम्मान करती है। देश व प्रदेश के विकास में भी भाजपा ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। विकास के बलबूते ही भाजपा फिर से केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का नाम विश्व में चमकाया है। आर्थिक रुप से भी भारत एक सशक्त देश के रुप में उभरा है। आजतक देश में आजादी के बाद इतना विकास नहीं हुआ था, जितना भाजपा शासनकाल में हुआ है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि जब से नायब सैनी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने हैं, तब से भाजपा प्रदेश में और अधिक मजबूत हुई है। कोई भी पार्टी संगठन के बलबूते ही सत्ता में आती है और भाजपा का संगठन देश में अकेला सबसे मजबूत संगठन है। इस मौके पर सैनी सभा के पूर्व प्रधान हरेंद्र काला, जिले सिंह, राजा सैनी, जयकिशन जामनी, सेवाराम सैनी, विक्रम सैनी, सुनील बाबू, संजय सैनी, सुनील सैनी, सुशील सैनी, पप्पू निर्जन, सत्यवान जामनी, मा. धर्म सिंह, महावीर सैनी व अन्य मौजूद रहे।


**जींद।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## पर्यावरण सरंक्षण व शुद्धि के लिए किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण संरक्षण, शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों के माध्यम से वैदिक वंदना और स्वामी श्रद्धानंद के योगदान एवं बलिदान के संबंधित समाज और राष्ट्र के प्रति आर्य समाज की कृतज्ञता का गुणगान किया गया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि भारत की वैदिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रयोग समाज एवं राष्ट्र निर्माण अहम योगदान है। युवा वर्ग को नशा प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए आह्वान करते हैं उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह.शाम खेल कूद के साथ संध्या, उपासना, प्राणायाम एवं योग इत्यादि का प्रयोग करना जीवन को पवित्र एवं स्वस्थ बनाने के लिए लाभकारी है। युवा वर्ग को नशा प्रवृत्ति, आलस्य, प्रमाद मोबाइल का अधिक प्रयोग एवं अन्य व्यसनों से दूर रहते हुए स्वाध्याय पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। मिथिलेश शास्त्री ने स्वामी श्रद्धानंद के महान बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुल शिक्षा के लिए गुरुकुल कांगड़ी, नारी शिक्षा, दलित उधर, महिला शिक्षा, शुद्धि आंदोलन की जानकारी दी।

## जजपा से गठबंधन से हो रहा नुकसान: बृजेंद्र

■ राजस्थान वाला हरियाणा में होगा जेजेपी का हाल : बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

तीन रा'यों में नए चेहरों को सीएम भाजपा द्वारा बनाए जाने पर सांसद ने कहा कि एक जगह कुछ नया हो तो समझ में आता है लेकिन तीनों प्रदेश में इस प्रकार से नए मुख्यमंत्री देना एक बहुत बड़ा संकेत है पूरी पार्टी को। भाजपा में जो सवार्ेच्च पद है वो सबके लिए खुले है। ऐसा नहीं है कि कुछ लोगों की सूची है उसमें से ही तय होगा। कोई भी व्यक्ति जिसने लंबा समय दिया है पार्टी को उसको सवार्ेच्च पद भी मिल सकता है। पालवां गांव दिनेश उर्फ धोला के निवास पर पत्रकारों से बातचीत। गठबंधन पर बोलते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि मैं बहुत बार कह चुका हूँ कि ये जो गठबंधन (जेजेपी-बीजेपी) है इसे भाजपा को आज के दिन नुकसान है। किसी प्रकार का राजनीति फायदा भाजपा को प्रदेश में नहीं है। एक दबाव की राजनीति अभी भी करने की कोशिश की थी कि भाजपा के खिलाफ ही राजस्थान में 19 जगहों पर उम्मीदवार उतारे। इस पार्टी को पता नहीं क्या भ्रम था कि राजस्थान में भी हरियाणा की तरह चौ. देवीलाल नाम चल जाएगा लेकिन राजस्थान के मतदाताओं ने उनके लिए सारे खिड़की, दरवाजे बंद कर दिए। जो राजस्थान में जेजेपी के साथ हुआ है वैसी ही हालात हरियाणा में इनके साथ है। अब भाजपा को इस पर जल्दी फैसला ले लेना चाहिए। कांग्रेस दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जींद का विकास कांग्रेस की देन बताने के बयान पर सांसद ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो उनके पिता बीरेंद्र सिंह मौजूद सरकार में वित्त मंत्री भी थे। जहां तक उचाना की हम बात करें तो जो विकास के बड़े-बड़े काम हुए है वो 2014 से 2019 तक हुए। जींद जिले की कांग्रेस से नाराजगी इस बात से थी कि लाखनमाजरा पर आकर विकास कांग्रेस के राज में रूक जाता था।


**उचाना।** पालवां गांव में दिनेश उर्फ धोला के निवास पर पहुंचे भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह।

## पूर्व सैनिक का बेटा सेना में बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के फतेहगढ़ गांव के पूर्व सैनिक का बेटा सेना में लेफ्टिनेंट बना है। जिससे गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। गांव पहुंचने पर लेफ्टिनेंट विकास का कार्यक्रम आयोजित कर भव्य स्वागत किया जाएगा। फतेहगढ़ गांव निवासी पूर्व सैनिक बालकिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा विकास सेना में लेफ्टिनेंट बना है। विकास ने दसवीं की परीक्षा जुलाना के निजी स्कूल से ग्रहण की थी। 12वीं की परीक्षा जींद के राजकीय स्कूल से विज्ञान संकाय से पास की थी। विकास 2008 में सेना में भर्ती हो गया था। सेना में भर्ती होने के बाद भी पढ़ाई जारी रखी और सेना में रहते हुए एसएसबी की परीक्षा दी और लेफ्टिनेंट का कमीशन प्राप्त किया। विकास की माता भतेरी देवी एक गृहणी हैं। भतेरी देवी ने कहा कि उनके बेटे विकास का बचपन से ही सपना था कि वो सेना में अपने पिता की तरह बड़ा पद प्राप्त करे।



## मिशन कर्मयोगी हरियाणा प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन कर्मयोगी नोडल अधिकारी जितेंद्र मलिक ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा मिशन कर्मयोगी हरियाणा प्रशिक्षण शिविर के तहत सभी कर्मचारियों को कार्य के प्रति उनकी जिम्मेदारी को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने के लिए शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों के माध्यम से शिक्षा विभाग के 5763 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उचाना में आज दो शिविर लगाए जाएंगे, जबकि कल से जुलाना में भी दो शिविर लगाए जाएंगे। इन कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर दे रहे हैं। इन मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रबंधन संस्थान गुरुग्राम हिपा द्वारा दिया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत कर्मचारियों में अपने कार्य को लेकर अपने उत्तरदायित्व को समझना, क्षमता विकास, सेवा भाव, दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास, संवेदनशीलता का विकास करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का आयोजन

## ग्राहकों को मिलेगी उनके अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहकों को उनके हकों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम की शुरूआत कर दी गई है। इसका आयोजन 31 दिसंबर तक होगा।

24 दिसंबर को ग्राहक जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम होगा। टीम स्कूलों, कालेजों, सीआरएसयू, आईटीआई, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में ग्राहक है। हम हर दिन कुछ न कुछ खरीदते है। आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल जैसी समस्याओं से घिरा है। उपभोक्ता संगठित नहीं हैं, इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। उपभोक्ताओं को उनके अधिकार से जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने पखवाड़े की शुरूआत की है।

बहुत कम लोग अधिकारों के बारे में पूरी तरह से जानते हैं। ये सभी अधिकार कं'यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत दिए जाते हैं। अपने अधिकारों के बारे में कम जानकारी होने के कारण लोग छोटी-छोटी खरीदारी में अपना नुकसान कर ग्राहक पंचायत बैठते हैं। कई बार दुकानदार कम जागरूक ग्राहक को देखकर उसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। वशिष्ठ ने कहा कि राइट टू सेफ्टी आपको सुरक्षा का अधिकार देता है। कोई भी दुकानदार अपने ग्राहक को खराब वस्तु नहीं दे सकता है।

अगर कोई सामान खराब दिया जाता है तो ग्राहक होने के नाते आप उसे बदलवा सकते हैं। राइट टू इन्फॉर्म के तहत हर कं'यूमर को किसी भी प्रोडक्ट की क्वालिटी या क्वांटिटी के विषय में जानने का पूरा अधिकार है। राइट टू चूज आपको यह अधिकार देता है कि आप अपनी पसंद के किसी भी प्रोडक्ट का चुनाव करें।



**जींद।** पखवाड़े के तहत स्कूल में लोगों को उनके हकों के बारे में जानकारी देते जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ।